राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 08 अगस्त। राजस्थान सरकार की शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती जाहिदा खान ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्रीमती जाहिदा खान ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री हरिमोहन शर्मा एवं सचिव श्रीमती प्रतिष्ठा यादव मौजूद रही।

चतुर्वेदी ने बताया कि अगली जनसुनवाई बुधवार, दिनांक 10 अगस्त, 2022 को होगी। बुधवार, 10 अगस्त को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री रमेशचन्द मीणा तथा श्रम राज्यमंत्री श्री सुखराम बिश्नोई जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव सुश्री रीटा चौधरी, सचिव श्री महेन्द्रसिंह खेड़ी एवं श्री गजेन्द्रसिंह सांखला इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter